# रायसेन में होगा कृषि महोत्सव

- 11 से 13 अप्रैल तक होगा आयोजन
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की पहल
- रक्षा मंत्री और सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर रायसेन के दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि महोत्सव-प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण देश के किसानों को 'प्रयोगशाला से खेत तक' और 'बीज से बाजार तक' की पूरी यात्रा एक ही मैदान पर दिखाते हुए विकास की राह पर लेकर जाएगा।**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ मेला नहीं, बल्कि तीन दिनों का ऐसा कृषि महाकुंभ है, जो किसानों की तकदीर बदलने का सबसे बड़ा मौका है, जहां एक तरफ उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किसानों का उत्साह बढ़ाएंगे. साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे, तो दूसरी तरफ 13 अप्रैल को समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में क्षेत्र के लिए समग्र कृषि रोडमैप जारी किया जाएगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस आयोजन के संबंध में आज क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, प्रगतिशील किसानों और पदाधिकारियों तथा सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की और कहा कि रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक होने वाला राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि महोत्सव खेती-किसानी का असली गेम चेंजर साबित होगा।

दशहरा मैदान, रायसेन में लगने वाले इस विशाल राष्ट्रीय कृषि मेले में नई खेती तकनीकों, उन्नत बीज, ड्रोन व आधुनिक मशीनों, सूक्ष्म सिंचाई, पशुपालन-मत्स्यपालन, प्रसंस्करण, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) और ग्रामीण आजीविका के सैकड़ों स्टॉल लगेंगे, जहां किसान देखेंगे भी, सीखेंगे भी और तुरंत लाभ लेने के तरीके भी समझेंगे। उन्होंने बताया कि समापन सत्र में रायसेन, विदिशा, सीहोर और आसपास के समान एग्रो-क्लाइमेटिक कृषि-जलवायु क्षेत्र के लिए विशेष कृषि रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें उत्पादन बढ़ाने से लेकर बाजार तक पहुंच मजबूत करने की स्पष्ट दिशा दी जाएगी.

### मेले की मुख्य बातें...

केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि लगभग तीन सौ स्टॉलों वाली यह बहु-क्षेत्रीय प्रदर्शनी खेती के हर चरण- इनपुट से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक के समाधान एक ही जगह उपलब्ध कराएगी. इसमें कृषि, बागवानी, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि मशीनरी व टेक्नोलॉजी, उर्वरक, कीटनाशक, बीज कंपनियां, डिजिटल कृषि, फसल बीमा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कृषि विज्ञान केंद्र , पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण विकास, खाद्य प्रसंस्करण, माइक्रो-स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ , एफपीओ और स्टार्ट-अप्स की सक्रिय भागीदारी रहेगी. किसानों के लिए विषयवार सेमिनार-प्रशिक्षण सत्र, लाइव डेमो, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अलग-अलग राज्यों से आए प्रगतिशील किसानों के अनुभव साझा करने के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिससे खेती का गेम चेंजर-राष्ट्रीय कृषि मेला, रायसेन का संदेश सिर्फ पोस्टर तक सीमित न रहकर जमीन पर दिखे.

### शिवराज आज करेंगे निरीक्षण

रायसेन में आगामी 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक राष्ट्रीय स्तर का कृषि मेला प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रायसेन में कृषि मेला कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेंगे. केन्द्रीय मंत्री प्रात: 10.45 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात: 11.30 बजे रायसेन स्थित दशहरा मैदान पहुंचेंगे और कृषि मेला आयोजन की तैयारियों का अवलोकन करेंगे.

# पूर्व महापौर सहित पांच के खिलाफ चार्जशीट पेश

## पुलिसकर्मी के पक्ष में पेश की खात्मा रिपोर्ट

**जबलपुर, 03 अप्रैल.** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष एसटीएफ द्वारा सीलबंद लिफाफे में पेश की गई रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लिया गया. उसका अवलोकन करने पर पाया गया कि हेलमेट चैकिंग के दौरान पुलिस कर्मी से अभद्रता और वर्दी फाड़ने के आरोपी पूर्व महापौर सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर चार्जशीट पेश कर दी गई है. जबकि पुलिस कर्मी के विरुद्ध दर्ज की गई एफआईआर में खात्मा रिपोर्ट पेश कर दी गई है. न्यायालय ने उक्त जानकारी पर गौर करने के साथ ही याचिका का निराकरण कर दिया.उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा ने जनहित याचिका में आरोप लगाया था कि पूर्व महापौर प्रभात साहू को लार्डगंज थानान्तर्गत बल्देवबाग के समीप वाहन चेकिंग दौरान पुलिस कर्मी ने बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए रोका था. पूर्व महापौर अपना परिचय देते हुए पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता करते लगे. इसके बाद समर्थकों के हुजूम एकत्र हो गया और पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी थी. पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ था. इसके बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया. जबकि दूसरी ओर पुलिस कर्मी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था. बावजूद इसके कि वायरल वीडियो में आरोपितों की शिनाख्त स्पष्ट थी.

### यह था मामला

यह विवाद 18 सितंबर, 2025 को हेलमेट चैकिंग के दौरान शुरू हुआ था, जब पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता और मारपीट की घटना सामने आई थी. प्रारंभिक स्तर पर पुलिसकर्मी के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को अज्ञात रखा गया था, लेकिन अधिवक्ता मोहित वर्मा की जनहित याचिका के बाद मामले की एसटीएफ जांच में सच्चाई सामने आई. अब यह स्पष्ट हो गया है कि शुरुआती कार्रवाई पर राजनीतिक दबाव का असर था, जो जांच के सामने टिक नहीं सका. न्यायालय ने उक्त मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि जब पुलिस कर्मी सुरक्षित नहीं तो वह आम जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान करेंगे. हाईकोर्ट ने लार्डगंज थाना प्रभारी को निर्देशित किया था कि अगली सुनवाई में दर्ज की गई दोनों एफआईआर व केस डायरी के साथ व्यक्तिगत रूप से हाजिर हों.

# पूर्व शासकीय वकील और उनकी पत्नी का शव मिला



**गुना, 03 अप्रैल. शहर के माने-माने अधिवक्त और पूर्व शासकीय वकील दिलीप कुमार गोयल और उनकी बुजुर्ग पत्नी के शव घर में मिले हैं. इस सनसनीखेज खबर की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है.**

फिलहाल प्राप्त जानकारी के मुताबिक शहर के कोतवाली क्षेत्र की धाकड़ कॉलोनी में रहने वाले अधिवक्ता दिलीप कुमार गोयल (75) और उनकी पत्नी किरण गोयल (70) का शव घर में संदिग्ध हालत में मिला है. इस बात का खुलासा तब हुआ जब दिलीप कुमार गोयल के बेटा-बहू राजगढ़ में मौजूद थे. घर में संपर्क करने पर जब पिता और मां ने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने संदेह के आधार पर पड़ोसियों को सूचना दी. बताया जा रहा है कि दिलीप कुमार गोयल का शव फंदे पर लटका हुआ देखा गया, जबकि उनकी पत्नी किरण का शव पलंग पर पड़ा था. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है. पड़ोसियों का भी मजमा लगा हुआ है. बता दें कि दिलीप कुमार गोयल साल 2010-11 में शासकीय अधिवक्ता रह चुके हैं. उन्होंने कई बड़े मामलों में शासन की ओर से पीड़ितों के लिए पैरवी की थी.



# एफआरवी वाहन और पुलिस बनी जीवन रक्षक

- कुएं में गिरी महिला को खटिया बांधकर सुरक्षित निकाला

**बड़वानी, 03 अप्रैल.** पानसेमल थाना क्षेत्र में एफआरवी वाहन स्टाफ एवं पुलिस टीम द्वारा खड़की रोड स्थित कुएं में गिरी महिला का रेस्क्यू किया है. एफआरवी वाहन में ड्यूटी पर तैनात पायलट संदीप पाटिल, प्रधान आरक्षक दिलीप वसावे ने बताया कि उन्हें भरत राजपूत ने सूचना दी कि एक महिला कुएं में रस्सी के सहारे जीवित है, जिसके बाद तुरंत एफआरवी वाहन मौके पर पहुंचा.

थाना प्रभारी पानसेमल मंशाराम वगेन को घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल को भिजवाया, जहां एफआरवी स्टाफ संदीप पाटिल, आरक्षक प्रधान आरक्षक दिलीप वसावे, ज्ञानसिंह तरोले, आरक्षक नवीन अटोदे, आरक्षक संजय डावर, सहयोगी दिनेश बाविसकर ने ग्रामीणों की सहायता से खटिया बांधकर महिला का रेस्क्यू किया एवं उसे अस्पताल भिजवाया. थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने जानकारी दी कि एसपीपद्मविलोचन शुल्क के निर्देशन में आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं . क्षेत्र में सड़क हादसे, आग लगने की घटनाओं सहित अन्य घटनाओ से निपटने के लिए एफआरवी वाहन को आवश्यकता एवं परिस्थितियों को देखते हुए सुविधा युक्त बनाया गया है.

# शिक्षा का 'एमपी मॉडल' देश में अव्वल

- प्राइमरी ड्रॉपआउट में मध्यप्रदेश ने सबको पछाड़ा
- सेकेंडरी में अब भी खींचतान जारी

साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 03 अप्रैल शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने एक ऐसी छलांग लगाई है, कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो गया है जहां प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर ड्रॉपआउट रेट शून्य दर्ज किया गया है। वहीं इस बार मध्यप्रदेश ने अपने कुल बजट का 10.37% शिक्षा पर खर्च किया है, जो कई विकसित राज्यों के औसत (8-9%) से अधिक है।**

## शून्य की जंग में एमपी के साथ और कौन

देश भर में प्राथमिक शिक्षा को लेकर आए आंकड़ों में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन चौंकाने वाला है। बता दें कि 'शून्य ड्रॉपआउट' का क्लब बहुत छोटा है. जहां मध्यप्रदेश प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट रेट 0 है। वहीं इस क्लब में केरल, हिमाचल प्रदेश शून्य के करीब तो तमिलनाडु शामिल लगातार शून्य पर अपनी स्थिति दर्ज किए हुए हैं। वहीं बिहार में करीब 7 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में करीब 3.5 प्रतिशत विद्यार्थी प्राथमिक स्तर पर अब भी पढ़ाई छोड़ रहे हैं.



**आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के नवीनतम आंकड़े**

**10.37% शिक्षा पर खर्च किया**

कक्षा क्षेत्र 2021-22
2022-23 2023-24
2024-25 2025-26
प्राइमरी (1-5) मप्र
3.1 प्रतिशत 1.8 प्रतिशत
1.3 प्रतिशत 0.8 प्रतिशत
.0 प्रतिशत
भारत 1.5 प्रतिशत
1.5 प्रतिशत 1.9 प्रतिशत

### मिडिल और हाई स्कूल में फंसा है पेंच

यूडीआईएसई प्लस और आर्थिक सर्वेक्षण के पिछले 5 वर्षों के रुझान के अनुसार भले ही प्राइमरी में मध्यप्रदेश ने बाजी मार ली है, अपर प्राइमरी और सेकेण्डरी स्तर पर बड़ा अंतर है. इस रिपोर्ट से समझें-

-शून्य ड्रॉपआउट के मुख्य स्तंभ-

**डिजिटल अटेंडेंस**

हमारे शिक्षक ऐप और छात्रों की जियो-टैगिंग ने उपस्थिति को अनिवार्य बनाया। सांदीपनी स्कूल-
369 अत्याधुनिक स्कूलों ने निजी स्कूलों के प्रति आकर्षण कम किया। यहां नामांकन में 32.4% की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं 2025-2026 के कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

**प्रोत्साहन राशि**

कक्षा 5वीं उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सीधे अगली कक्षा में मैप करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस और ऑटोमैटिक किया गया। साथ ही आर्थिक प्रोत्साहन को उसकी छात्रवृत्ति उसके खाते में आ जाती है।

**-इनका कहना है**

प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में वृद्धि हुई है। अब तक 1 करोड़ बच्चों का नामांकन किया जा चुका है। पहली कक्षा से लेकर हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री क्लास तक बच्चों का नामांकन बढ़ा है।

-उदय प्रताप सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री



# ऑफिसर्स कॉलोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया

रतलाम। ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर पर सौंदर्य विद्युत सजावट कर तथा हनुमान जी को चोंला चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।प्रात:पंडित राजेंद्र उपाध्याय पंडित रवि मेहता पंडित शुभ पाठक के वैदिक मंत्रोचार के साथ ट्रस्टी सुनील मेहता ने परिवार सहित एवं श्रद्धालुओं ने हवन,पूजा की।सांयकाल पंडित रवि मेहता एवं पंडित शूभ पाठक के हनुमान चालीसा के पाठ के साथ महाआरती कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया,तथा बूंदी एवं मीठी छांछ वितरित की गई।इसअवसर पर समाजसेवी प्रकाश चंद्र व्यास, व्यवस्थापक सुनील राठौर,शांतिलाल मालवीय, अशोक सोमानी, उषा भार्गव,भरत सांखला, दिनेश परमार, महेश,सिद्धार्थ जोशी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।



# ऑफिसर्स कॉलोनी पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया

रतलाम। ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर पर सौंदर्य विद्युत सजावट कर तथा हनुमान जी को चोंला चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।प्रात:पंडित राजेंद्र उपाध्याय पंडित रवि मेहता पंडित शुभ पाठक के वैदिक मंत्रोचार के साथ ट्रस्टी सुनील मेहता ने परिवार सहित एवं श्रद्धालुओं ने हवन,पूजा की।सांयकाल पंडित रवि मेहता एवं पंडित शूभ पाठक के हनुमान चालीसा के पाठ के साथ महाआरती कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया,तथा बूंदी एवं मीठी छांछ वितरित की गई।इसअवसर पर समाजसेवी प्रकाश चंद्र व्यास, व्यवस्थापक सुनील राठौर,शांतिलाल मालवीय, अशोक सोमानी, उषा भार्गव,भरत सांखला, दिनेश परमार, महेश,सिद्धार्थ जोशी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

कमाल! दो आरोपियों सहित 2 क्विंटल माल और बोलेरो पिकअप वाहन जब्त

# खेत से गायब अश्वगंधा का पुलिस ने खोला राज

नवभारत न्यूज

**नामली।** थाना नामली पुलिस ने अश्वगंधा चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गायत्री सोनी के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार फरियादी मुकेश पिता भेरूलाल हाड़ा (45) निवासी ग्राम पंचेड ने 31 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कृषि भूमि नामली-पंचेड रोड पर स्थित है, जहां उसने करीब 20 बीघा में अश्वगंधा की फसल बोई थी। कटाई के बाद फसल को तिरपाल पर सुखाने के लिए रखा गया था। 28 मार्च की रात अज्ञात बदमाश करीब 2 क्विंटल अश्वगंधा चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना नामली में अपराध क्रमांक 104/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया व आरोपी गण की पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की गई। आरोपी की निशादेही से अश्वगंधा व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा बोलेरो पीकअप जब्त की।

**गिरफ्तारी और बरामदगी:** जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी विशाल (19) निवासी पंचेड व विजय (21) निवासी खोखरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया करीब 2 क्विंटल अश्वगंधा एवं घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 06-जीए -2133) जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 2.90 लाख रुपए आंकी गई है।

# अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई में 52 हथियार जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 03 अप्रैल. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अभियान तेज करते हुए पिछले तीन सप्ताह में प्रदेशभर से 52 अवैध हथियार जब्त किए हैं और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

इंदौर में पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम और इंस्टाग्राम के माध्यम से अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 6 देशी पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं इंदौर ग्रामीण के मानपुर में अलग कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 पिस्टल जब्त की गईं, जिससे जिले में कुल 16 हथियार बरामद हुए।

खरगोन में गोगावां पुलिस ने अंतर्राज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर उत्तरप्रदेश और हरियाणा के आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने 10 देशी पिस्टल, 5 कट्टे और एक मोटरसाइकिल जब्त की। गोगावां और भीकनगांव में अन्य कार्रवाइयों में 8 पिस्टल और 2 मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिससे कुल 23 हथियार बरामद हुए। निवाली में एक तस्कर से 7 देशी पिस्टल बरामद की गई।